मनीष कुमार अग्रवाल
कंपनी सचिव
MANISH KUMAR AGARWAL
Company Secretary

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 45001:2018 प्रमाणित) (ISO 45001:2018 Certified)

**No: 1:05:138:I :CS**
**Dated: 29.07.2024**

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Limited,**<br>Listing Department, Exchange Plaza,<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (E)<br>**MUMBAI – 400 051.**<br><br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051 | **BSE Limited,**<br>Department of Corporate Services, Floor – 25, PJ Towers, Dalal Street,<br>**MUMBAI – 400 001.**<br><br>बीएसई लिमिटेड,<br>कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,<br>पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001 |

**Sub: Intimation of convening of 38th Annual General Meeting of Power Finance Corporation Limited through Video Conferencing / Other Audio Visual Means and Newspaper publication thereof.**

Madam/Sir,

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, it is hereby informed that the 38th Annual General Meeting of Power Finance Corporation Limited is scheduled to be held on Wednesday, August 21, 2024 through Video Conferencing / Other Audio Visual Means.

In this regard, please find attached herewith copy of newspaper publication regarding notice of convening 38th Annual General Meeting of Power Finance Corporation Limited as published in 'Financial Express' (English) and 'Jansatta'(Hindi) edition dated July 27, 2024.

This is submitted for your information and record.

Thanking you.

**Yours faithfully,**
**For Power Finance Corporation Ltd.**

Manish Kumar Agarwal
Digitally signed by Manish Kumar Agarwal
Date: 2024.07.29 16:57:37 +05'30'

**(Manish Kumar Agarwal)**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**mk_agarwal@pfcindia.com**

# Financial Express (English) dt. 27.07.2024

## POWER FINANCE CORPORATION LIMITED

(A Maharatna Company)
Regd. Office: Urjanidhi, 1, Barakhamba Lane, Connaught Place, New Delhi - 110001, India
Tel: +91-11-23456000, Fax: +91-11-23412545
Email-id: investorsgrievance@pfcindia.com Website: www.pfcindia.com
CIN:- L65910DL1986GOI024862

## NOTICE

1. Notice is hereby given that the 38th Annual General Meeting (AGM) of Power Finance Corporation Limited will be held through Video Conferencing ('VC')/ Other Audio-Visual Means ('OAVM') on Wednesday, August 21, 2024 at 11 a.m. in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the rules made thereunder, read with MCA Circular dated September 25, 2023 and SEBI Circular dated October 07, 2023 and other notifications in force.
2. In compliance with the above circulars, the Notice of the AGM and Annual Report for the financial year 2023-24 will be sent only by e-mail, to those shareholders whose e-mail addresses are registered with the Company/Depository Participant(s). Shareholders will have an opportunity to join and participate in the 38th AGM through VC/OAVM facility only and cast their vote on the items of business as set forth in the Notice of the AGM through remote e-voting prior to the AGM and through electronic voting system during the AGM. The detailed instructions for remote e-voting or through e-voting system during the AGM and attending the AGM, will be provided in the Notice of the AGM.

   The Notice of the 38th AGM and Annual Report for the Financial Year 2023-24 shall be made available on the Company's website **www.pfcindia.com** and websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** respectively.
3. The Members holding shares in dematerialised form are requested to update Email ID and Mobile number and bank details (for receiving electronic payment of dividend) with their Depository Participants (DPs) with whom they are maintaining their demat accounts.

   Members holding shares in physical form are requested to update their Email ID, Mobile number by sending ISR-1 form to the registrar KFin Technologies Limited. The said forms can be downloaded from the RTA website- Investor Support Center (ISC) webpage at **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx**
4. Shareholders may note that the Board of Directors in their meeting held on May 15, 2024 had recommended a final dividend of ₹2.50/-per equity share (subject to deduction of TDS) for the FY 2023-24 which if approved by the members at the Annual General Meeting, will be paid on or before September 20, 2024 to the Members or their mandates whose names appear on the Company's Register of Members on July 26, 2024 (record date) in respect of physical shares. In respect of dematerialized shares, the dividend will be payable to the "beneficial owners" of the shares whose names appear in the Statement of Beneficial Ownership furnished by National Securities Depository Limited and Central Depository Services (India) Limited at the close of business hours on July 26, 2024.
5. The payment of final dividend will be made electronically through various online transfer modes to those shareholders who have updated their bank details. For physical shareholders whose folio(s) are not updated with the KYC details excepting nomination choice (viz., PAN; Contact Details; Mobile Number, Bank Account Details and signature, if any) shall be eligible for any payment including dividend, in respect of such folios, only through electronic mode. Accordingly, the dividend payable against their holdings as liable to be withheld if the KYC details are not updated against their holding. Shareholders are requested to update their KYC with their depositories (where shares are held in dematerialized form) and with the Company's registrar and share transfer agent (here shares are held in physical mode) to receive the dividend directly into their bank account.
6. Pursuant to Finance Act, 2020, dividend income will be taxable in the hands of the shareholders w.e.f. April 1, 2020 and the Company will be required to deduct tax at source ("TDS") from dividend paid to the Members at prescribed rates in the Income Tax Act, 1961 ("the IT Act"). In order to enable compliance with TDS requirements in respect of dividends declared by the Company in future, members are requested to submit Form 15G/15H on annual basis and update details about their Residential Status, PAN, Category as per the IT Act with their Depository Participants or in case of shares held in physical form, with the Company / RTA, so that tax at source, if any as per applicable rates and residential status, may be deducted in respect of dividend payments made by the Company in future.
7. Pursuant to Section 91 of Companies Act, 2013 and rules made thereunder, the Register of Members and share transfer books of the company will remain closed from August 16, 2024 to August 21, 2024 (both days inclusive), for the purpose of 38th AGM of the Company.
8. In case of any queries, you may refer to the Help & Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual available in the downloads section of KFintech's website **https://evoting.kfintech.com** or contact Ms. Swati Reddy (Unit: POWER FINANCE CORPORATION LIMITED), at **einward.ris@kfintech.com** and **evoting@kfintech.com** or call KFintech's toll free No. 1-800-309-4001 for any further clarifications.

**For and on behalf of Power Finance Corporation Limited**

Sd/-

**(Manish Kumar Agarwal)**
**Company Secretary**

**Place :** New Delhi
**Date :** July 26, 2024

**Jansatta (Hindi) dt. 27.07.2024**



# पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(एक महारत्न कंपनी)
पंजी. कार्यालय "ऊर्जानिधि", 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, भारत
दूरभाष: +91-11-23556000 फैक्स: +91-11-23512545
ईमेल-आईडी: investorsgrievance@pfcindia.com वेबसाइट: www.pfcindia.com
सीआईएन:- L65910DL1986GOI024862

## सूचना

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 38वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुधवार, 21 अगस्त, 2024 को प्रातः 11.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो वीडियो माध्यमों ('ओएवीएम') के जरिए आयोजित की जाएगी। यह बैठक एमसीए के दिनांक 25 सितंबर, 2023 के परिपत्र और सेबी के दिनांक 7 अक्तूबर, 2023 तथा अन्य लागू अधिसूचनाओं के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी।
2. उपर्युक्त परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट उन शेयरधारकों को केवल ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों) के साथ पंजीकृत हैं। शेयरधारकों के पास केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 38वीं एजीएम में शामिल होने एवं भाग लेने तथा एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय की मदों पर एजीएम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट देने का अवसर होगा। रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम और एजीएम में उपस्थित होने के लिए विस्तृत अनुदेश एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए जाएंगे।
   38वीं एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.pfcindia.com** और स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः **www.bseindia.com** एवं **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।
3. डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे उनके डिमैट खातों को मेन्टेन करने वाले डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों) के पास अपने ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर तथा बैंक विवरण (लाभांश का इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्राप्त करने के लिए) अपडेट करवाएं।
   भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे रजिस्ट्रार केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के पास आईएसआर-1 फॉर्म भेजकर अपने ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर अपडेट करवाएं। उक्त फॉर्म आरटीए वेबसाइट - इन्वेस्टर सपोर्ट सेंटर (आईएससी) पर वेबपेज **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx** से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
4. शेयरधारक कृपया नोट करें कि निदेशक मंडल ने 15 मई, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ₹2.50 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश (टीडीएस कटौती के अध्यधीन) की सिफारिश की थी जो कि यदि वार्षिक आम बैठक में सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया जाता है तो उसे 20 सितंबर 2024 को या उसके पहले उन सदस्यों या उनके मैंडेट्स को भुगतान किया जाएगा जिनके नाम भौतिक शेयरों के संबंध में 26 जुलाई, 2024 (रिकॉर्ड तारीख) को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में शामिल होंगे। डिमैटीरियलाइज्ड शेयरों के संबंध में, लाभांश शेयरों का उन "लाभार्थी स्वामियों" को भुगतान किया जाएगा जिनके नाम 26 जुलाई, 2024 को व्यवसाय घंटों की समाप्ति पर नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड एवं सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसिज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा तैयार किए गए लाभार्थी स्वामित्व के विवरण में शामिल होंगे।
5. अंतिम लाभांश का भुगतान उन शेयरधारकों को विभिन्न ऑनलाइन ट्रांसफर माध्यमों से इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक विवरण अपडेट करवा दिए हैं। ऐसे भौतिक शेयरधारकों के लिए जिनके फोलियो नामांकन विकल्प (जैसे, पैन, संपर्क विवरण, मोबाइल नंबर, बैंक खाता विवरण और हस्ताक्षर, यदि कोई हो) को छोड़कर केवाईसी विवरण के साथ अपडेट नहीं हैं, तो वे ऐसे फोलियो के संबंध में केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से लाभांश सहित किसी भी भुगतान के लिए पात्र होंगे। तदनुसार, यदि उनकी धारिता (होल्डिंग) के अधीन केवाईसी विवरण अपडेट नहीं किया गया है, तो उनकी होल्डिंग के निमित्त देय लाभांश रोका जा सकता है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपने बैंक खाते में सीधे लाभांश प्राप्त करने के लिए वे अपने डिपॉजिटरी (जहां शेयर डिमैटीरियलाइज्ड रूप में धारित हैं) के पास एवं कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (यहां शेयर भौतिक रूप में धारित हैं) के पास अपना केवाईसी अपडेट करवाएं।
6. वित्त अधिनियम, 2020 के अनुसरण में, लाभांश आय 1 अप्रैल, 2020 से शेयरधारकों को किए जाने वाले भुगतान पर कर योग्य होगी और कंपनी को सदस्यों को लाभांश का भुगतान करते समय आयकर अधिनियम, 1961 ("आईटी अधिनियम") में निर्धारित दरों के अनुसार स्रोत पर कर की कटौती (टीडीएस) की जाएगी। भविष्य में कंपनी द्वारा घोषित लाभांशों के संबंध में टीडीएस अपेक्षाओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों) या भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में कंपनी/आरटीए के पास वार्षिक आधार पर फॉर्म 15जी/15एच जमा करें और आईटी अधिनियम के अनुसार अपनी आवासीय स्थिति, पैन, श्रेणी को अपडेट कराएं जिससे भविष्य में कंपनी द्वारा लाभांश भुगतान करते समय लागू दरों एवं आवासीय स्थिति के अनुसार स्रोत पर कर, यदि कोई हो, की कटौती की जाए।
7. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसरण में कंपनी की 38वीं एजीएम के प्रयोजन के लिए कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर ट्रांसफर बुक 16 अगस्त, 2024 से 21 अगस्त, 2024 तक (दोनों दिवस सहित) बंद रहेंगे।
8. किसी भी जानकारी के लिए आप केफिनटेक की वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com** के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध सहायता एवं अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या किसी भी स्पष्टीकरण के लिए सुश्री स्वाति रेड्डी (यूनिटः पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) से **einward.ris@kfintech.com** एवं **evoting@kfintech.com** पर संपर्क कर सकते हैं या केफिनटेक के टोल फ्री नं. 1-800-309-4001 पर कॉल कर सकते हैं।

**कृते एवं पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से**

हस्ता/-

(मनीष कुमार अग्रवाल)

कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः 26 जुलाई, 2024